

शास्त्री का ट्वीट

आईपीएल की कामयाबी के बाद क्रिकेट जगत ने बीसीसीआई को इस मुश्किल वक्त में यूएई में आईपीएल के सफल आयोजन पर बधाई दी। रवि शास्त्री ने भई ट्वीट किया लेकिन हैरानी की बात यह थी कि उसमें बोर्ड प्रेजिडेंट सौरभ गांगुली का नाम नहीं था।

## आईपीएल के सफल आयोजन पर रवि शास्त्री ने दी बीसीसीआई को बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग जैसे टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया। बोर्ड अध्यक्ष सौरभ गांगुली और अन्य पदाधिकारियों को इसके लिए बधाई दी जा रही है। लेकिन इस बीच भारतीय क्रिकेट टीम के कोच रवि शास्त्री के ट्वीट से एक नया विवाद पैदा हो गया है। शास्त्री के ट्वीट से इस बात को फिर हवा मिली है कि उनके और बोर्ड अध्यक्ष सौरभ गांगुली के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। आईपीएल के 13वें एडिशन के फाइनल में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर पांचवीं बार ट्रोफी पर कब्जा किया। मुंबई की टीम अपना छठा फाइनल खेल रही थी वहीं दिल्ली पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची थी। मुंबई की टीम चेन्नै के बाद दूसरी टीम बन गई जिसने लगातार दूसरी बार आईपीएल ट्रोफी जीती है। दिल्ली की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 156 का स्कोर बनाया। टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 22 के स्कोर पर ही तीन विकेट गंवा दिए थे।

# रोहित विराट से बेहतर कप्तान, अगर नहीं मिली कमान तो यह टीम का दुर्भाग्य होगा

क्रिकेट

## मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर पांचवीं बार खिताब पर कब्जा किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देखिए अब अगर रोहित शर्मा हिंदुस्तान के कप्तान नहीं बने तो यह हिंदुस्तान का दुर्भाग्य है। रोहित शर्मा का नहीं यह बात टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो बार चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर ने कही। मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2020 के फाइनल में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर पांचवीं बार खिताब पर कब्जा किया। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम ने एक बार फिर ट्रोफी पर कब्जा किया। गंभीर का मानना है कि सीमित ओवरों के प्रारूप में भारतीय टीम के उपकप्तान रोहित को अब कप्तान बनाने का समय आ रहा है।

गंभीर ने कहा कि अगर कोई खिलाड़ी पांच बार आईपीएल की ट्रोफी जीतता है तो आप क्या कहेंगे। गंभीर ने कहा कि बेशक एक कप्तान



उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है, इस बात में कोई संदेह नहीं लेकिन आखिर एक कप्तान को परखने का क्या पैमाना होता है।

गंभीर ने कहा, आपको किसी को परखने का पैमाना एक ही रखना होगा। अगर हम धोनी को भारत का सबसे सफल कप्तान कहते हैं, जो कि वह हैं, तो वह इसी आधार पर कहते हैं कि उन्होंने दो वर्ल्ड कप जीते हैं और दो आईपीएल जीते हैं। रोहित ने पांच बार आईपीएल जीता है। तो अगर आगे जाकर उन्हें वाइट बॉल की कप्तानी या टी20 क्रिकेट की कप्तानी नहीं मिलती तो यह शर्म की बात है। क्योंकि इससे ज्यादा रोहित शर्मा कुछ नहीं कर सकते। वह सिर्फ जिस टीम की कप्तानी कर रहे हैं उसे जीत दिला सकते हैं।

क्रिकइंफो के साथ बातचीत में गंभीर ने अलग प्रारूप के लिए अलग कप्तान की बात भी कहे। उन्होंने कहा कि लोग कह सकते हैं कि रोहित गलत वक्त पर थे उस समय विराट कोहली कप्तानी कर रहे थे। गंभीर ने कहा, श्आप अलग प्रारूप में अलग कप्तान रख सकते हैं। इसमें कोई खराबी नहीं है। गंभीर ने कहा कि रोहित ने साबित किया है कि वाइट बॉल कप्तानी में उनकी और विराट कोहली की कप्तानी में कितना फर्क है। एक खिलाड़ी पांच बार आईपीएल की ट्रोफी जीतता है और दूसरा एक बार भी नहीं जीत पाया है।

गंभीर ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, विराट कोहली खराब कप्तान नहीं हैं लेकिन विराट और रोहित को एक ही मंच मिला है वहां रोहित ने खुद को बेहतर साबित किया है।

# गांगुली ने आईपीएल की सफलता के लिए खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



दुबई। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता के लिए खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए बुधवार को कहा कि लीग के दौरान जैव सुरक्षित माहौल में रहना मानसिक रूप से कठिन था।

आईपीएल का समापन मंगलवार को फाइनल के साथ हो गया जिसमें मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर पांचवां खिताब जीता। गांगुली ने ट्वीट किया, 'बीसीसीआई और तमाम पदाधिकारियों के साथ मैं निजी तौर पर आईपीएल टीम के सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बायो बबल में रहकर इस टूर्नामेंट को सफल बनाया। यह मानसिक रूप से कठिन था और आपकी प्रतिबद्धता ने ही भारतीय क्रिकेट को यहां तक पहुंचाया।'कोरोना वायरस महामारी के कारण आईपीएल अप्रैल–मई की बजाय अक्टूबर–नवंबर में यूएई में खेला गया।

बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा, सौरभ गांगुली और जय शाह के मार्गदर्शन में आईपीएल के सफल आयोजन के लिए बधाई।

इस तरह के चुनौतीपूर्ण समय में सबसे सफल आईपीएल का आयोजन हुआ। सभी क्रिकेटप्रेमियों को धन्यवाद। हमें आपकी कमी खली। उम्मीद है कि आपका शोर आईपीएल 2021 में मैदान में फिर सुनाई देगा।'

## साइक्लिस्ट रियाज दिल्ली के वेलोड्रोम में करेंगे ट्रेनिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आनंद विहार के एक ढाबे में बर्तन धोने को मजबूर रहे साइक्लिस्ट रियाज बहुत जल्द दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनैशनल स्टेडियम में ट्रेनिंग करते नजर आएंगे। उन्हें स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का सपॉर्ट मिला है और वह दिवाली के बाद अपनी ट्रेनिंग शुरू करेंगे। केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने यह जानकारी सोमवार को ट्विटर पर दी। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, यह जानकारी देते हुए बेहद खुशी है कि रियाज बहुत जल्द साई के जरिए ट्रेनिंग करेंगे। राष्ट्रपति ने इस युवा को ईद पर स्पोर्ट्स साइकल गिफ्ट कर हौसला बढ़ाया था और वह दिवाली के बाद दिल्ली के आईजी स्टेडियम के वेलोड्रोम में ट्रेनिंग करेंगे। रियाज को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने ईद से पहले एक स्पोर्ट्स साइकल गिफ्ट की थी। साई की साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई) अकैडमी में रियाज का दाखिला हो चुका है। रियाज ने काफी संघर्षों का सामना किया जिनके पास एक समय साइकल तक नहीं थी। कभी एक ढाबे में बर्तन साफ करने को मजबूर हुए रियाज ने दूसरों की साइकल उधार लेकर राज्य स्तर पर रजत पदक तक जीता।

## न्यूज डायरी



### बिना शक, रोहित को होना चाहिए टी20 प्रारूप में भारतीय टीम का कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा ने एक बार फिर अपनी कप्तानी का दम दिखाया और मुंबई इंडियंस को पांचवीं बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब दिलवाया। मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले में मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारूप में रोहित को ही टीम का कप्तान बनाना चाहिए। रोहित शर्मा की टीम ने फाइनल में दिल्ली को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रोफी जीती। चेन्नै के बाद ऐसा करने वाली मुंबई दूसरी टीम है। दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की हाफ सेंचुरी की मदद से 7 विकेट पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई ने 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। मैच के बाद माइकल वॉन ने ट्वीट कर रोहित शर्मा की तारीफ की। वॉन ने कहा कि रोहित को अब टी20 प्रारूप में भारत का कप्तान बनाया जाना चाहिए। वॉन ने रोहित को शानदार मैन मैनेजर करार दिया।

### बाबर आजम अब सभी फॉर्मेट में टीम के कैप्टन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले मंगलवार को अनुभवी खिलाड़ी अजहर अली को टेस्ट टीम की कप्तानी से हटा दिया। अब सफेद गेंद की टीम के कप्तान बाबर आजम को ही यह जिम्मेदारी सौंप दी गई है। बाबर इस तरह सभी फॉर्मेट में पाकिस्तान के कप्तान बन गए हैं। पीसीबी ने मंगलवार को जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी। 26 वर्षीय बाबर आजम का टेस्ट कैप्टन के तौर पर पहला दौरा न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का होगा। इसके मैच 26 से 30 दिसंबर तक माउंट मौंगानुई और तीन से सात जनवरी तक क्राइस्टचर्च में खेले जाएंगे। पीसीबी ने हालांकि मई में अली को 2020–21 के पूरे अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए टेस्ट कप्तान बनाया था।

### रोहित शर्मा में स्कूल के दिनों से ही थे कप्तानी के गुण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस को पांचवां आईपीएल खिताब दिलाकर इतिहास रचने वाले रोहित शर्मा ने अपनी करिश्माई कप्तानी का लोहा एक बार फिर मनवा लिया है लेकिन उनके शुरूआती कोच दिनेश लाड का कहना है कि स्कूली दिनों से ही उसमें अपने दम पर मैच जिताने और कप्तानी के विलक्षण गुण थे। रोहित ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फाइनल में अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ कुशल कप्तानी से मुंबई को पांच विकेट से जीत दिलाई। वह पांच खिताब के साथ आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तान भी हैं। लाड ने भारतीय टीम के सीमित ओवरों के उपकप्तान पर आने वाली किताब ' द हिटमैन रू द रोहित शर्मा स्टोरी' में कहा, 'स्कूली दिनों से ही वह अपने दम पर मैच जिताते और उनमें नेतृत्व क्षमता थी। वह विकेट भी लेते और शतक भी जमाते थे। मैंने 9वीं कक्षा में ही उन्हें स्कूली टीम का कप्तान बना दिया था।'

### ट्रेंट बोल्ट बने मुंबई की रेकॉर्ड खिताबी जीत में मैन ऑफ द मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स का सपना तोड़ते हुए मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (प्ष्स 2020) का रेकॉर्ड पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। मुंबई ने 18.4 ओवरों में यह लक्ष्य पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुंबई के लिए रोहित शर्मा ने 51 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेल टीम की जीत में अहम रोल निभाया। वहीं, गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट ने कमाल दिखाया और 30 रन देकर 3 विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। 31 साल के न्यूजीलैंड के पेसर ट्रेंट बोल्ट को ट्रोफी और पांच लाख रुपये मिले।